Dainik Prabhat 13.3.12 Page. 11

हिंदुस्तान मोटर्स ने पेश की स्पोर्ट्स पजेरो

नई दिल्ली (एजेंसियां)।

हिंदुस्तान मोटर्स लि. ने भारतीय बाजार में जापान की मित्सुबिशी के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) पजेरो का नया संस्करण पजेरो स्पोर्ट पेश किया है। हिंदुस्तान मोटर्स तकनीकी करार के तहत भारत में मित्सुबिशी के वाहनों का विनिर्माण करती है। स्पोर्ट पजेरो का दिल्ली में एक्स शोरूम दाम 23.53 लाख रुपए रखा गया है।

50 करोड़ रुपए का निवेश करेगी कंपनी

हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए. शंकर नारायणन और मित्सुबिशी मोटर्स कारपोरेशन के कार्यकारी अधिकारी और कारपोरेट महाप्रबंधक (एशिया और आसियान) मासाहिको यूएकी ने एक संवाददाता सम्मेलन में स्पोर्ट पजेरो को पेश किया। नारायणन ने कहा कि कंपनी का इरादा पहले साल में स्पोर्ट पजेरो की 4,000 से 5,000 इकाइयों की बिक्री का है। शुरु में कार आयात होगी और उसके बाद सितंबर से इसके कलपुर्जे आयात कर चेन्नई संयंत्र में असेंबल करेगी। नारायणन ने बताया कि कंपनी ने नए माडल पर इस साल 40 से 50 करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बनाई है। धीरे-धीरे स्पोर्ट पजेरो पुरानी पजेरो का स्थान ले लेगी। फिलहाल पुरानी पजेरो की बिक्री जारी रहेगी। यूएकी ने कहा कि मित्सुबिशी के लिए भारतीय बाजार काफी महत्व रखता है। कंपनी भारत में मित्सुबिशी के बेड़े से छोटी कार उतारना चाहती है। उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा बताने से इनकार करते हुए कहा कि इसके लिए अभी कंपनी भारतीय बाजार का अध्ययन कर रही है। कंपनी के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि स्पोर्ट पजेरो के जरिए हम टोयोटा की फार्च्यूनर को टक्कर देने का इरादा रखते हैं।